दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 29 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 329

## आर्टिकल 370 और 35ए पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर को लेकर आज बड़ा दिन है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दरअसल, अनुच्छेद 370 से जुड़े मामले में अब तक कुल 10 याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। एक वकील की ओर से दायर याचिका में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को लेकर जारी की गई अधिसूचना को असंवैधानिक बताया गया है।

दूसरी ओर आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक भी है, बताया जा रहा है कि मोदी सरकार कश्मीर के लिए बड़ा



ऐलान कर सकती है।

खाली पड़े सीटों को भरने और रोड सेक्टर से मिल रही चुनौतीयों से निपटने के लिए भारतीय रेल ने यात्री किराए में छूट देने का फैसला किया है। यह छूट शताब्दी एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, डबल डेकर और इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के एसी और चेयरकार में मिलेगी। इसके तहत चुनिंदा रूट की ट्रेनों के बेस किराए में 25 फीसदी तक छूट दी जाएगी।

साथ ही इसको लेकर एक गाइडलाइन भी जारी की गई है और इसी के तहत ट्रेनों और उनके रूट का चयन किया जाएगा। पिछले एक साल में किसी ट्रेन की ऑक्यूपेंसी अगर उस रूट की ऑक्यूपेंसी से कम हो या फिर किसी खास दो स्टेशनों के बीच में कम हो तो उस आधार पर किराए में छूट दी जाएगी। मसलन दिल्ली (छ्दद्द्यद्धद्ध) से चलने वाली लखनऊ शताब्दी में कानपुर से लखनऊ के बीच बहुत सी सीटें खाली जाती हैं. ऐसे में रेलवे उस सेक्शन में यात्री किराए में छूट देगा।

दिल्ली से अजमेर के बीच में चलने वाली अजमेर शताब्दी में जयपुर से अजमेर के बीच में सीटें खाली रहती हैं। इसका बड़ा कारण जयपुर से अजमेर के बीच में यात्रियों की पहली पसंद लक्सरी बसे हैं। ऐसे में रेलवे उस रूट पर बसों से कम किराया ऑफर कर यात्रियों को अपनी तरफ खींचने की कोशिश में लगा है। हाल के दिनों में देश में बढ़ते एक्सप्रेस वे का नेटवर्क और सड़कों पर दौड़ती आधुनिक आरामदेह बसें रेलवे के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं।

वही रेलवे के प्रिमियम ट्रेनों में फेलेक्सी फेयर की वजह से इसके किराए में भारी बढ़ौतरी हो जाती है। ऐसे में यात्रियों के लिए कई रूट पर सड़क से सफर करना पहली पसंद है।

## इतिहास रचने से चंद कदम दूर चंद्रयान-2

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-2 को चांद की तीसरी कक्षा में बुधवार को सफलतापूर्वक प्रवेश करा दिया। इसी कक्षा में चंद्रयान-2 अगले दो दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। इसके बाद 30 अगस्त को चंद्रयान-2 को चंद्रमा की चौथी और एक सितंबर को पांचवीं कक्षा में प्रवेश कराया जाएगा।



इसरो के बयान के मुताबिक आज सुबह नौ बजकर चार मिनट पर चंद्रयान-2 को चंद्रमा की तीसरी कक्षा में प्रवेश कराया गया जो पूर्ण रूप से सफल रहा।

चंद्रयान-2 ने चंद्रमा की तीसरी कक्षा में सुबह 9.04 बजे प्रवेश किया। अब चंद्रयान-2 चंद्रमा के चारों तरफ 179 किमी की एपोजी और 1412 किमी की पेरीजी में चक्कर लगाएगा। इसी ऑर्बिट में चंद्रयान-2 अगले दो दिनों तक चंद्रमा का चक्कर लगाता रहेगा। इसके बाद 30 अगस्त को चंद्रयान-2 को चांद की चौथी और एक सितंबर को पांचवीं कक्षा में प्रवेश कराया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुरानी दिल्ली में दुकानदारों ने की मारपीट, युवक की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर दो दुकानदारों ने सामान खरीदने आए युवक को बुरी तरह पीट दिया. जिसके बाद उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार सोमवार रात को रेलवे स्टेशन के एग्जिट गेट से बाहर निकल रहा उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला कारी ओवैस एक दुकान पर हैडफोन लेने के लिए रुका. इसी दौरान उसकी दुकानदार से बहस हो गई. दोनों में बहस होते देख और दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए और युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी. गंभीर हालत में युवक को अरुणा आसफ अली अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज करने के बाद दोनों दुकानदारों लल्लन और आयुब अलियास सरफराज को हिरासत में ले लिया है.

### जैश-ए-मोहम्मद रोहिंग्या हैंडलर्स को दे रहा हमलों की ट्रेनिंग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35ए हटाने से पाकिस्तान पूरी तरह बौखला गया है, अब खुलकर भारत को धमकी दे रहा है। दुनिया से अब अलग-थलग पड़ने के बाद पाकिस्तान के आंतकी आका जैश-ए-मोहम्मद अब भारत को डराने के लिए नई चाल चल रहा है। सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के हवाले से आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और रोहिंग्या की साठगांठ का पर्दाफाश हुआ है। जानकारी के मुताबिक, आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के हैंडलर्स, रोहिंग्या हैंडलर्स का ब्रेन वॉश कर उन्हें कट्टरपंथ की तरफ आकर्षित कर उन्हें हमलों की ट्रेनिंग दे रहे हैं। ये ट्रेनिंग बांग्लादेश में चल रही है और वहां ट्रेनिंग का इंचार्ज जैश का कमांडर मौलाना यूनुस है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का बांग्लादेश में मौजूद हैंडलर मौलाना यूनुस ने हाल ही में 4 रोहिंग्याओं को आतंकी हमले की ट्रेनिंग दी है। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, जैश के आतंकी बांग्लादेश में हरिनमारा की पहाड़ियों में रोहिंग्या को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

### 2,40,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के आदेश

**» जापान में बाढ़, भूस्खलन की आशंका**

**तोक्यो।** जापान सरकार ने देश के दक्षिण पश्चिम में बाढ़ और भूस्खलन की आशंका के मद्देनजर 2,40,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के बुधवार को आदेश दिए। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि भारी बारिश के कारण एक व्यक्ति की मौत को गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने उत्तरी क्यूशू क्षेत्र के कई हिस्सों के लिए उच्चतम स्तर का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट तब जारी किया जाता है जब ''तब तबाही की आशंका हो''। इसके तहत लोगों को अपनी जान बचाने के लिए कदम उठाने के आदेश दिए जाते हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बुधवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम शहरों में भारी बारिश देख रहे हैं और वहां विशेष चेतावनियां जारी की गई हैं।'' मौसम एजेंसी के अधिकारी यासुशी काजीवारा ने कहा, ''इस स्थिति में आपको अपना जीवन बचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कोशिश करनी चाहिए।''

### पेरू में मिले बलि का शिकार बनाए 227 बच्चों के अवशेष

**लीमा।** पेरू में पुरातत्वविदों को प्राचीन चिमू संस्कृति के काल में बलि का शिकार बनाए गए 227 बच्चों के अवशेष मिले हैं। पुरातत्वविद बलि स्थल हुआंचाको में पिछले साल से खुदाई कर रहे हैं। हुआंचाको लीमा के उत्तर में स्थित एक पर्यटक शहर है। हुआंचाको वह स्थान है, जहां चिमू संस्कृति के दौर में बलि दी जाती थी। मुख्य पुरातत्वविद् फेरन कैस्टिलो ने एएफपी से कहा, ' इस जगह से उन बच्चों के सबसे अधिक संख्या में अवशेष मिले हैं, जिनकी बलि दी गई थी।' कैस्टिलो ने बताया कि चिमू संस्कृति में भगवान को प्रसन्न करने के लिए किए जाने वाले अनुष्ठान के तहत इन बच्चों की बलि दी गई थी। इन बच्चों की उम्र 4 से 14 वर्ष के बीच है।

## आर्टिकल 370 हटाने पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**» अब 5 जजों की संवैधानिक पीठ करेगी सुनवाई**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 हटाए जाने को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए बुधवार को उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की पीठ गठित की गई। पीठ मामले की पहली सुनवाई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में करेगी।

मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने इस संबंध में अलग-अलग दायर 14 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी।

इन याचिकाओं में राज्य में संचार सेवा के पूरी तरह ठप्प होने तथा जगह-जगह लगाई गई पाबंदियां तथा नेताओं एवं अलगाववादिओं की गिरफ्तारी से भी जुड़ा हुआ है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू.कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने और अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाने का फैसला किया था । जम्मू.कश्मीर को दो हिस्सों में विभाजित कर लद्दाख और जम्मू.कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश बनाने का ऐलान किया गया है । लद्दाख प्रशासक के अधीन रहेगा जबकि जम्मू.कश्मीर में विधानसभा होगी। सरकार के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

## बंदूक ताने सुरक्षाबलों को दी खुलेआम चुनौती

**» हॉन्ग कॉन्ग प्रदर्शन में चीन टैंक मैन 2**

**हॉन्गकॉन्ग ।** चीन का टैंक मैन याद है आपको? दरअसल, वह शख्स आज भी आजादी और असहमति की आवाज माना जाता है। काली पैंट और वॉइट शर्ट पहने शख्स हाथ में शॉपिंग बैग लिए निहत्थे चीन के तियानमेन चौक पर टैंकों के सामने खड़ा हो गया था। इस तस्वीर ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। हॉन्ग कॉन्ग में हो रहे प्रदर्शन के दौरान भी कुछ ऐसे ही एक शख्स की तस्वीर वायरल हो रही है। यह शख्स चीन की तानाशाही की 30 साल पुरानी टैंक मैन की तस्वीर की याद दिला रहा है।

## कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के 4 डिब्बे पटरी से उतरे, मचा हड़कंप

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर रेलवे स्टेशन पर आज सुबह एक ट्रेन बेपटरी हो गई। जानकारी के मुताबिक प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर कानपुर-लखनऊ एलसी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पटरी से उतरने के बाद ट्रेन ने स्टेशन की बाउंड्री को भी तोड़ दिया। हालांकि इस हादसें में किसी के भी हताहत होने की बात सामने नहीं आई है।

इस घटना के बाद स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे के आला अधिकारी हरकत में आ गए हैं।



अधिकारी फिलहाल मौके पर हैं और ट्रेन को दोबारा पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही है। इसके चलते कुछ ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ है।

मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आज सुबह कानपुर-लखनऊ मेमू लखनऊ से कानपुर आ रही थी। कानपुर स्टेशन पर पटरी चेंज करते समय ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे के दौरान स्टेशन की बाउंड्री के कई पिलर टूट कर गिए। इसके बाद हड़कंप मच गया। यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में लखनऊ से कानपुर आने वाले यात्री सवार थे। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन के पटरी से उतरने की वजह से अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित है। कानपुर-लखनऊ मेमू को दोबारा पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही है।

## पाक कितना भी झूठ बोल ले, जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा है और रहेगा: सुरजेवाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र में दी गई एक याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित बयान का जिक्र करने से जुड़ी खबरों की पृष्ठभूमि में कांग्रेस ने बुधवार को इस्लामाबाद पर तीखा हमला बोला और कहा कि पाकिस्तान कितना भी झूठ और प्रपंच फैला ले लेकिन यह सच्चाई नहीं बदलने वाली है कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख भारत के अटूट अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे.

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस ने उन खबरों का संज्ञान लिया



गया है जिनमें यह कहा गया है कि पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र में दायर कथित याचिका में राहुल गांधी का नाम शरारतपूर्ण ढंग से लिया गया है ताकि पाकिस्तान के झूठ के पुलिंदे और गलत सूचना को सही ठहराया जा सके. उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी को भी इसमें संदेह नहीं होना चाहिए कि जम्मू, कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और सदा रहेंगे. पाकिस्तान की ओर से कितनी भी भ्रांति फैला दी जाए, लेकिन यह अकाट्य सच बदलने वाला नहीं है.

उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, पाकिस्तान को दुनिया को पीओके-गिलगित-बाल्टिस्तान में मानवाधिकार के घोर उल्लंघन के बारे में जवाब देना चाहिए. पाकिस्तान को सात करोड़ मुहाजिरों के उत्पीड़न और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा 25 हजार लोगों की हत्या किए जाने पर जवाब देना चाहिए. सुरजेवाला ने कहा कि पाकिस्तान को बलूचिस्तान में मानवाधिकार का उल्लंघन करने, हजारों लोगों के गायब होने और सामूहिक कब्रें मिलने के बारे में भी जवाब देना होगा.

उन्होंने कहा कि दुनिया को एक बार फिर से याद दिलाने की जरूरत है कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, अल कायदा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों को पाकिस्तान में फलने-फूलने का मौका मिला है.

## येचुरी को सुप्रीम कोर्ट ने दी कश्मीर जाने की इजाजत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है. आर्टिकल 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में लगे तमाम पाबंदियों को लेकर कोर्ट ने कहा कि भारत के नागरिक के तौर पर हर इंसान को देश के किसी भी हिस्से में जाने की



आज़ादी है. कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाने पर मोदी सरकार को नोटिस भी जारी किया है. सरकार को एक हफ्ते के अंदर इस नोटिस का जवाब देना होगा. चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई वाली 5 जजों की संवैधानिक बेंच अक्टूबर के पहले हफ्ते में आर्टिकल 370 को लेकर दायर सभी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

सुप्रीम कोर्ट ने लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी को भी श्रीनगर जाने की इजाजत दे दी है. येचुरी ने अपने विधायक एमवाई तरिगामी से मिलने की अनुमति मांगी थी. इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि हम आपको आपके दोस्त से मिलने की इजाजत देंगे, लेकिन इस दौरान आप कुछ और काम नहीं कर पाएंगे.

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि सरकार येचुरी को क्यों रोक रही है? वह देश के नागरिक हैं अगर अपने दोस्त से मिलना चाहते हैं, तो मिल सकते हैं. इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि ये पर्सनल नहीं, पॉलिटिकल विजिट थी. हालांकि, चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सिर्फ उनके दोस्त से मिलने की इजाजत दे रहे हैं.

कोर्ट ने येचुरी से साफ तौर पर कहा कि आप ध्यान रखें. आपको सिर्फ दोस्त से मिलने जाने की परमिशन दे रहे हैं. वहां जाकर आप कोई पॉलिटिकल एक्टिविटी नहीं कर सकते. आप वहां किसी और काम में हिस्सा लेंगे, तो इसे कोर्ट आदेश का उल्लंघन माना जाएगा. इस पर सीपीआई महासचिव येचुरी ने कहा कि वह निर्देश का पूरा पालन करेंगे.

## ड्राइवर ने ट्रेन रोककर पहुंचाया अस्पताल

**» शताब्दी की चपेट में आया युवक**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** शताब्दी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने एक मिसाल पेश की है. उसने ट्रेन से टकराकर घायल हुए युवक को बचाने के लिए गाड़ी रोक दी. इसके बाद उसने गार्ड की मदद से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया. दरअसल, सोमवार को शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली से कालका जा रही थी. इसी दौरान रास्ते में शाम 5:50 बजे हरियाणा के बादली रेलवे स्टेशन क्रॉस करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया. इसके बाद ड्राइवर और गार्ड ने न सिर्फ गाड़ी रोकी, बल्कि घायल को ट्रेन में बैठाकर अगले स्टेशन तक पहुंचाया और उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस का इंतजाम भी कराया. रेलवे के अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की बात कही है.



जानकारी के मुताबिक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से शाम सवा 5 बजे के करीब कालका शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से रवाना हुई. शाम 5:50 बजे के करीब जब ट्रेन बादली रेलवे स्टेशन को क्रॉस करते हुए अंबाला की ओर जा रही थी. उसी दौरान जल्दबाजी में पैदल रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा एक शख्स ट्रेन की चपेट में आ गया. ट्रेन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उस वक्त ट्रेन की रफ्तार 110 किमी प्रति घंटा थी.

## यह भारत का आंतरिक मुद्दा, हिंसा फैलाना बंद करे पाकिस्तान

**» कश्मीर मुद्दे पर राहुल के बदले सुर**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सरकार के इस रुख का समर्थन किया कि कश्मीर भारत का आंतरिक मुद्दा है और कहा कि इसमें पाकिस्तान या किसी अन्य देश के हस्तक्षेप के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस नेता ने ट्वीट कर कहा, मैं कई मुद्दों पर इस सरकार से असहमत हूं। लेकिन, मैं यह पूरी तरह से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कश्मीर भारत का आंतरिक मुद्दा है और इसमें पाकिस्तान या किसी भी अन्य देश के हस्तक्षेप के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर में हिंसा है। वहां हिंसा है क्योंकि यह पाकिस्तान द्वारा उकसाया गया और समर्थित किया गया है जिसे दुनिया भर में आतंकवाद का प्रमुख समर्थक माना जाता है।

पाकिस्तान के इस कदम के बाद राहुल ने बुधवार को कहा कि मैं इस सरकार से कई मुद्दों पर असहमत हूं, लेकिन मैं यह पूरी तरह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कश्मीर भारत का आंतरिक मुद्दा है और इसमें पाकिस्तान या किसी अन्य विदेशी देश की ओर से हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।

राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा हुई है, क्योंकि पाकिस्तान वहां लोगों को उकसा रहा और हिंसा फैला रहा है। पाकिस्तान को दुनिया भर में आतंकवाद का प्रमुख समर्थक माना जाता है।



बता दें कि कश्मीर दौरे से लौटाए गए राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि उन्हें उस बर्बरता का अहसास हुआ जिसको कश्मीरी झेल रहे हैं। राहुल के इस बयान का पाकिस्तान ने इस्तेमाल भी करने लगा। उनके ट्वीट को वहां की न्यूज वेबसाइट प्रमुखता से दिखा रहे थे। वहीं पाकिस्तान के मंत्री तक राहुल को इजाजत न मिलने को मुद्दा बना रहे हैं। कश्मीर में हालात को लेकर पाकिस्तान का मीडिया और इमरान सरकार के मंत्री फर्जी खबरों के आधार पर दुष्प्रचार कर रहे हैं। राहुल 12 विपक्षी दलों के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ श्रीनगर गए थे जहां उन्हें हवाईअड्डे पर उतरते ही रोक लिया गया और दिल्ली वापस भेज दिया था।

बीएसपी चीफ मायावती ने भी विपक्षी दलों के नेताओं की इस हरकत पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस को इसके लिए घेरा था। प्रियंका ने कश्मीर के माहौल पर एक विडियो के साथ ट्वीट किया था, 'कब तक यह चलता रहेगा? यह लाखों लोगों में एक हैं, जिन्हें चुप करा दिया गया और राष्ट्रवाद के नाम पर कुचल दिया गया।'